मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांक: 07 मई 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	08/05/19	09/05/19	10/05/19	11/05/19	12/05/19
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	42	43	43	43	42
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	28	28	29	29	29
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	1	0	1	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	67	67	67	68	68
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	23	23	24	24
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	13	14	12	11	10
हवा की दिशा	पश्चिम	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
		जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाये। यह कार्य तेज गर्मी के समय पर करना जरूरी है।
बैंगन	फल	बैंगन की फसल में फल छेदक कीट की लटे फल में छेद कर अन्दर से गुददे को खाती है इसके नियंत्रण हेतु प्रभावित फलों को तोडकर मिट्टी में दबाएं तथा क्यूनालफॉस 1 मि.ली. का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करे।
मिर्च		मिर्च की रोपाई के 45 दिन बाद 35 किलो नत्रजन प्रति हैक्टेयर की दर से सिंचाई के साथ दें।
खरबूजा व तरबूज	फल	खरबूजा व तरबूज में फल मक्खी के प्रकोप से फल सड़ने लगते है फल मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु मैलाथियान 50 ई.सी. 1 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

(नौडल ऑफीसर)